हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 ग्रामीणों की समस्याओं व मांगों से रूबरू हुए विधायक ...

12 हाईस्कूल अछोला में शाला प्रवेश उत्सव का ...


## खबर संक्षेप

### मां और भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कोलिहादेवरी में मां और भाई के साथ मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बसना थाना में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को राजेश नाग ने बताया कि 30 जून को लगभग 7.30 बजे उसकी माता शिववती नाग ने मुझे और मेरे भाई विनोद नाग को उसके घर के ऊपर सीट लगाने के लिए कहा, जिस पर उसका भाई विनोद नाग मां के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। जब मैं बीच बचाव करने आया तो मेरे साथ भी मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296,115 (2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जयशंकर सिदार पिता महेशराम सिदार (28 साल) ने बताया कि 29 जून को शाम 07 बजे के आसपास वह अपने घर के पास था, उसी समय मेरे पड़ोसी कन्हैया जगत ने शराब के नशे में जबरदस्ती मुझे अपने ससुराल में रह रहा है, कहकर गाली गलौज कर रहा था। जब उसने मना किया तब आरोपी ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े पत्थर के टुकडे से फेंककर मार दिया, जिससे बायां आंख के पास चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**अपराध : जिले में बुलंद होते जा रहे अपराधियों के हौसले, लोगों में भय का माहौल**

# पढ़ा रही प्रधान पाठक से चाकू की नोक पर लूट आबकारी दल पर शराब कोचिया ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। पिछले दो दिनों में एक ओर बसना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में दिनदहाड़े बच्चों के सामने प्रधान पाठक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात हुई, वहीं दूसरी ओर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे आबकारी विभाग के दल पर शराब कोचिया ने हमला कर शासकीय कार्रवाई को विफल कर दिया। दोनों घटनाओं ने जिले की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार बसना थाना क्षेत्र के नेहरू नगर बड़े साजापाली स्थित प्राथमिक शाला में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक सीधे कक्षा में घुस गया। उसने बच्चों को पढ़ा रही प्रधान पाठक श्रीमती नान बाई चौधरी के गले पर चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी और उनका मंगलसूत्र कीमत 30 हजार रुपए व करीब 20 हजार रुपये कीमत का मोबाइल लूट लिया।

घटना के समय विद्यालय में करीब 25 बच्चे मौजूद थे। अचानक हुए इस घटना के दौरान प्रधान पाठक ने डरने के बजाय आरोपी का विरोध किया। दोनों के बीच धक्का-मुक्की और झूमाझटकी भी हुई, जिसमें उनके हाथ पर चाकू की हल्की खरोंच आई। आरोपी ने चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी और वारदात के बाद दरवाजा बंद कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही भंवरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 333 एवं 309(4)(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





### लगातार बढ़ रहे अपराध, लोगों में असुरक्षा की भावना

पिछले कुछ माह से जिले में चाकूबाजी, हत्या, लूट और चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। वहीं एक ओर बच्चों के सामने स्कूल में घुसकर शिक्षिका से लूट और दूसरी ओर सरकारी अधिकारियों पर खुलेआम हमला कर जब्त शराब छुड़ाने जैसी घटनाओं ने जिले में अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस को उजागर कर दिया है।लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बाद लोगों में असुरक्षा की भावना गहरा रही है।

### शराब कोचिया ने सरकारी कार्रवाई को बनाया निशाना

दूसरी घटना झलप में हुई जहाँ रविवार देर रात झलप शराब दुकान में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार पांडेय को शराब तस्करों ने घेर लिया। आरोप है कि सरकारी कार्रवाई रुकवा दी गई, दुकान के मुख्य सेल्समैन की पिटाई की गई और जब्त की गई 336 पाव देशी प्लेन शराब भी छुड़ाकर आरोपी फरार हो गए। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को शिकायत मिली थी कि झलप शराब दुकान से बड़ी मात्रा में शराब खरीदकर गांवों में अवैध बिक्री की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के लिए दो टीमों का गठन किया गया। रविवार रात करीब 9:15 बजे जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार पांडेय ने कार्रवाई करते हुए चेतन रौतिया, मुकेश कोसले और सेवन जोशी के कब्जे से 336 पाव देशी प्लेन शराब (60.48 बल्क लीटर) जब्त की। उन्होंने दूसरी टीम को मौके पर बुलाया। इसी बीच हेमंत मिर्धा उर्फ हेमंत बिहारी, उसके पिता अवधेश मिर्धा तथा अन्य साथियों ने शराब दुकान में हंगामा किया। मुख्य सेल्समैन एस. कुमार निषाद की पिटाई की, आबकारी अधिकारी को धमकाते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली और जब्त शराब छुड़ाकर आरोपियों को मौके से भगा दिया। भागदौड़ के दौरान फरार आरोपियों के मोबाइल मौके पर ही छूट गए, जिन्हें आबकारी अधिकारियों ने पुलिस के हवाले कर दिया। अधिकारियों ने रिपोर्ट में आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में झूठे आरोप लगाने या जानलेवा हमला करने का प्रयास भी कर सकते हैं। पटेवा पुलिस ने हेमंत मिर्धा उर्फ हेमंत बिहारी, अवधेश मिर्धा, चेतन रौतिया, मुकेश कोसले, सेवन जोशी सहित अन्य सहयोगियों के खिलाफ धारा 115(2), 121(1), 132, 221, 224, 238, 296, 3(5), 351(3) में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साढ़े चार करोड़ के गांजा जब्ती मामले का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के पुलिस ने 4.5 करोड़ के गांजा तस्करी सिंडीकेट पर कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड के बाद अब ओडिशा से मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। बता दें कि कच्चे केले की आड़ में आयशर ट्रक में फर्जी नंबर लगाकर गांजा जब्त किया गया था। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के व्यापार को जड़ से खत्म करने के लिए जिला पुलिस द्वारा 'सोर्स से लेकर डेस्टिनेशन तक' (तस्कर से लेकर मुख्य खरीदार तक) यानी 'एंड-टू-एंड' कार्रवाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना बसना के बहुचर्चित अपराध क्रमांक 197/2026 (धारा 20(बी)(ii)(सी), 29 एनडीपीएस एक्ट एवं 336(2), 338, 340 बीएनएस) के तहत पुलिस ने सिंडीकेट के मुख्य सरगना विनय शर्मा उर्फ पंडित को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने के बाद, अब इस नेटवर्क को ओडिशा से माल सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर को भी पकड़ लिया है। 17 अप्रैल को थाना बसना पुलिस द्वारा पलसापाली बैरियर पर नाकाबंदी कर एक आयशर मालवाहक वाहन (एपी 39 टीटी 4556) को पकड़ा गया था। पुलिस को चकमा देने हेतु इसमें कच्चे केले के नीचे 29 प्लास्टिक बोरियों में छिपाकर रखा गया 912.760 किलो अवैध गांजा (कीमत लगभग 4.5 करोड़) जब्त किया गया था। ओडिशा से इस विशाल खेप को उपलब्ध कराने वाले मुख्य सप्लायर की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। बसना पुलिस टीम ने मुख्य गांजा सप्लायर मिश्रो नायक पिता सहना नायक (28) निवासी कर्णीबेड़ा, थाना बालीगुड़ा को पकड़ा गया।

## फ्री कुकर स्कीम के नाम पर 138 महिलाओं से करोड़ों की ठगी का पर्दाफाश दो गिरफ्तार



**महासमुंद।** फ्री कुकर स्कीम के नाम पर 138 महिलाओं से करोड़ों की ठगी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं महिलाओं को लालच देकर फिंगरप्रिंट लेने वाले मुख्य एजेंट (सुदर्शन साहू) मास्टरमाइंड को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है पुलिस ने बताया कि आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने और आर्थिक अपराधियों पर नकेल कसने के लिए महासमुंद पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना बसना के अपराध क्रमांक 137/2025 (धारा 318(4), 238, 61(2), 317(4) बीएनएस) के तहत पुलिस ने महिलाओं के नाम पर फर्जी लोन निकालने वाले सिंडिकेट के एजेंट सुदर्शन साहू को पूर्व में गिरफ्तार करने के बाद, अब इस नेटवर्क में बैंक आईडी का दुरुपयोग करने वाले मुख्य बीसी को भी पकड़ लिया है। प्रार्थिया रजनी देवांगन निवासी ग्राम पिरदा ने एक अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गांव के सुदर्शन साहू ने शासकीय योजना और फ्री कुकर का लालच देकर उसका व गांव की अन्य महिलाओं का आधार कार्ड लिया था। बायोमेट्रिक मशीन में 'सिस्टम एरर' का बहाना बनाकर धोखे से एक ही महिला का 3-4 बार फिंगरप्रिंट लिया गया। बाद में भारत फाइनेंस के कर्मचारियों द्वारा लोन की किश्त मांगने पर महिलाओं को पता चला कि उनके नाम पर बिना उनकी सहमति के 50,450 रुपए और 58,000 रुपए के लोन निकाल लिए गए हैं। विवेचना एवं बैंक दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि इंडसलैंड बैंक के बीसी (बिजनेस कॉरस्पांडेंट) लक्ष्मीचंद देवांगन और मनोहर जटवार ने सुदर्शन साहू साथ मिलकर इस सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र को अंजाम दिया। विवेचना में यह भी स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ है कि आरोपियों द्वारा आपराधिक षड्यंत्र कर प्रार्थिया के अलावा ग्राम पिरदा की 138 अन्य महिलाओं से भी ठीक इसी प्रकार की धोखाधड़ी की गई है। बसना पुलिस इस करोड़ों की ठगी को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी, 1 जुलाई को थाना बसना पुलिस टीम द्वारा मुख्य आरोपी लक्ष्मीचंद देवांगन और मनोहर जटवार को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। प्रकरण में बैंक कर्मचारियों संलिप्तता के संबंध विवेचना जांच जारी है।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय भवन में मेजर जनरल सुधीर को मिला अति विशिष्ट सेवा मेडल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और सम्मान का क्षण तब आया, जब प्रदेश के पाटन से जुड़े मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा को सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय सेना में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, विशिष्ट सेवाओं और राष्ट्र के प्रति असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित है। मेजर जनरल श्री शर्मा ने लगभग चार दशकों तक देश की सेवा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वर्तमान में मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक हैं। अति विशिष्ट सेवा मेडल उनके सैन्य जीवन का चौथा प्रमुख राष्ट्रीय सैन्य सम्मान है। इस उपलब्धि पर उन्हें छत्तीसगढ़ के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने बधाई दी है।

### निर्धन सहायता कोष की आवश्यकता पर दिया बल



**रायपुर।** भगवान परशुराम चौक विश्रामगृह स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को बेमेतरा राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी की जिला स्तरीय बैठक हुई। प्रदेश सचिव विकासधर दीवान ने 90 विधानसभा में समाज का सशक्त सामाजिक संगठन तथा प्रांतव्यापी सामाजिक जनगणना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को आर्थिक सहयोग के लिए निर्धन सहायता कोष की आवश्यकता पर बल दिया। बेमेतरा ब्लॉक अध्यक्ष भावेश शर्मा तथा प्रदीप दुबे ने समाज में अंतरजातीय विवाह पर रोक लगाने का सामाजिक नियम बनाने तथा पारिवारिक सम्मेलन आयोजित कर नई पीढ़ी को अधिक से अधिक शामिल करने की पहल करने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता एवं आचार्य बलदेव शास्त्री प्रदेश सचिव विकासधर दीवान, राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, संभागीय महासचिव चंद्रिका प्रसाद शर्मा, शेषनारायण तिवारी की उपस्थिति में हुई बैठक में आठ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में डा. शिरीष शर्मा, राजेश दुबे, डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, कृपाशंकर त्रिपाठी, चंद्रिका प्रसाद शर्मा, शेषनारायण तिवारी, मनोज मिश्रा, विवेकधर दीवान, रीता पांडे, उमा तिवारी, ने अपने विचार व्यक्त किए।

### श्यामबिहारी ने किया कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के लिए संचालित सहयोग केन्द्र में मंगलवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानन्द उपासने मौजूद थे।

श्री जायसवाल ने प्रदेशभर से आए 150 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना एवं कार्यकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण किया।

श्री जायसवाल ने विभिन्न विषयों पर केन्द्रित आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार किया। उन्होंने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 156 उत्कृष्ट खिलाड़ी पात्र, अधिसूचना के लिए जीएडी को भेजी जाएगी सूची

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्त करने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित समिति के सदस्यों ने वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया तथा सभी पहलुओं की समीक्षा के बाद 156 उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन को अंतिम स्वरूप प्रदान किया। इनमें 20 अलग-अलग खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं।

बैठक में अनुमोदित 156 खिलाड़ियों की सूची को सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जाएगा। अधिसूचित करने के बाद खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में लेने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ होगी।

राज्य के खिलाड़ी लंबे समय से इस सूची की प्रतीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद खिलाड़ियों का यह इंतजार जल्द समाप्त हो जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा, प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए पारदर्शी, समयबद्ध और प्रोत्साहन आधारित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पात्रता के अनुरूप उन्हें शासकीय सेवा में नियुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और व्यवस्था की जाएगी।



### 156 खिलाड़ियों को पाया गया पात्र

बैठक में बताया गया कि राज्य में अब तक 182 उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए पूर्व में विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और निर्धारित मानकों के आधार पर 156 खिलाड़ियों को पात्र पाया गया। बैठक में वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम उपस्थित थीं।

### 6 महीने में महिला कोच से 400 पुरुष पकड़े गए, मंडल में सालभर में 2000 वेंडरों से वसूला लाखों का जुर्माना

# रेलवे नियमों का उल्लंघन पड़ रहा भारी, जुर्माना राशि बढ़ने के बाद 798 यात्रियों से वसूले 6.82 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल और मंडल रेलवे प्रशासन ने तेज की कार्रवाई

भारतीय रेलवे ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में अब नियमों की अनदेखी करने वाले यात्रियों से पहले की तुलना में दोगुना जुर्माना राशि वसूली जा रही है। जुर्माना बढ़ाने के साथ ही पूरे जोन में रेलवे ने जांच और कार्रवाई का अभियान भी काफी तेज कर दिया है। इसका सीधा असर नियम तोड़ने वाले यात्रियों पर पड़ रहा है। सख्त कार्रवाई के साथ रेलवे द्वारा अपने तीनों मंडलों में नए दंड प्रावधानों के प्रति व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, इतवारी, चांपा, रायगढ़, अनूपपुर और कोरबा सहित सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सुरक्षा बल द्वारा अब तक विभिन्न मामलों में नियम तोड़ने वाले 798 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन यात्रियों से जुर्माने के तौर पर 6.82 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि वसूल की गई है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए यह सघन जांच और जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### महिला कोच की सुरक्षा के लिए विशेष तैनाती

महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए रेलवे ने ट्रेनों में अलग से आरक्षित कोच निर्धारित किए हैं, लेकिन अक्सर पुरुष यात्री भीड़ का फायदा उठाकर इन कोच में घुस जाते हैं। अब ऐसे पुरुष यात्रियों को कोच से बाहर निकालने और उन पर दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए प्लेटफार्म पर चार महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की गई है। मंडल और जोन से गुजरने वाली ट्रेनों के महिला कोच की सघन चेकिंग की जा रही है। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महज छह महीने के भीतर ही महिला कोच में सफर करने वाले 400से अधिक पुरुषों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा मंडल के छोटे स्टेशनों पर भी लगातार जांच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि बीच रास्ते से कोई अनधिकृत व्यक्ति इन आरक्षित डिब्बों में प्रवेश न कर सके।

### अवैध वेंडरों पर आरपीएफ की पैनी नजर

ट्रेनों और स्टेशन परिसर में गंदगी का मुख्य कारण बनने वाले अवैध वेंडरों के खिलाफ आरपीएफ व रेलवे प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर सीधी कार्रवाई कर रही है। पिछले एक साल के भीतर ही पूरे रेल मंडल में ऐसे 2000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिनमें कार्रवाई की गई है। इस दौरान अवैध वेंडरों से लाखों रुपये से अधिक का जुर्माना भी वसूला जा चुका है। अधिकारी बताते हैं कि आमतौर पर ये अवैध वेंडर मुख्य स्टेशनों पर सख्ती देखकर छोटे स्टेशनों से ट्रेनों में चढ़ते हैं। इस चालाकी से निपटने के लिए अब आरपीएफ के जवान सीधे एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल और अन्य कोच में सफर कर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। सिर्फ रायपुर रेलवे स्टेशन की ही बात करें तो यहां लगातार अवैध वेंडरों को पकड़कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही साल भर चले अभियान के दौरान लगातार अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले कई वेंडरों के लाइसेंस भी स्थायी रूप से रद्द कर दिए गए हैं।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और स्कूलों को मिली विकास की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर पश्चिम में शिक्षा को नई दिशा देने का संकल्प लगातार साकार हो रहा है : मूणत

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों और मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की पहल के अंतर्गत पं. रामदयाल तिवारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 29 मेधावी विद्यार्थियों को 5-5 हजार प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 1.50 करोड़ की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा खेल मैदान के विकास के लिए 19 लाख की स्वीकृति की जानकारी भी दी गई। इन कार्यों से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, सुविधाजनक कक्ष और खेल गतिविधियों के लिए उपयुक्त मैदान उपलब्ध होगा।

इससे पूर्व रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय महोबा बाजार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 22 विद्यार्थियों तथा मायाराम सुरजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 35 विद्यार्थियों को भी 5-5 हजार के प्रोत्साहन चेक वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली युक्ता मुखी साहू को स्कूटी प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान किया गया है। अब शेष 7 शालाओं के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन चेक प्रदान किए जाएंगे। इसी क्रम में आगामी 3 जुलाई को पं. गिरजाशंकर विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को चेक वितरित किए जाएंगे।

# सतगुरु कबीर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सतगुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति रायपुर का दो दिवसीय आयोजित सतगुरु कबीर प्राकट्य उत्सव का समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में सद्गुरु कबीरधाम अम्लेश्वर में सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्रकटोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर कबीरपंथ के 16वें वंशाचार्य हुजूर उदितमुनि नाम साहेब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का आगमन हुआ।

इस अवसर वंशाचार्य द्वारा पहली बार कबीरधाम अम्लेश्वर में सात्विक यज्ञ, चौका एवं आरती कराई गई। इस दिव्य आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ सहभागिता कर सद्गुरु कबीर साहेब के सत्य, समता, मानवता एवं सदाचार के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, एसकेडीवी मिशन नवयुवक मंडल एवं आमीन माता महिला मंडल की ओर से राजधानी रायपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कबीर चौक रामनगर से प्रारंभ होकर तेलघानी नाका होते हुए राजधानी रायपुर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मेकाहारा ऑडिटोरियम के लिए प्रस्थान किया। उक्त शोभायात्रा में बस्तरिया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उत्सव में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी एवं आसपास के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु उपस्थित हुए। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन, सत्संग एवं गुरु वंदना से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में अतिथि रंजना शर्मा, बाबूभाई पटेल, गोपाल भाई पटेल, आशीष वालेचा, भागवत कबीरपंथी, देवेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों द्वारा संत कबीर की विचारधारा पर सभा को संबोधित किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा सद्गुरु कबीरदास जी के सिद्धांत को आगे बढ़ाने एवं सेवाकार्य के लिए रायपुर-दुर्ग से आईं 17 समितियों का सम्मान किया गया। यह आयोजन सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, एसकेडी मिशन, आमीन माता महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल रायपुर-दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिव छोटूराम साहू एवं माखनलाल साहू ने किया। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति के अध्यक्ष मनोहर साहू, संतोष वर्मा, प्रीतम मानिकपुरी, हीरा साहू, राजकुमार मोंगरे, संतोष साहू, मनोज साहू, नवयुवक मंडल एवं अमीन माता महिला मंडल के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### बिजली बेचने के दाम बढ़े, पर खरीदने के हो गए कम

# सोलर की बिजली अब 2.50 रुपए में नहीं, 1.92 रुपए में खरीदेगी पॉवर कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाने वालों का बिजली उत्पादन अगर ज्यादा होता है, तो उनकी बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी नए सत्र में 2.50 रुपए के स्थान पर 1.92 रुपए में खरीदेगी। यही कीमत सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया ने तय की है। इसी कीमत को छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी ने बिजली नियामक आयोग के पास मंजूरी के लिए भेजा था। इसको आयोग ने मंजूरी दे दी है। एक तरफ जहां सोलर से बिजली खरीदी की कीमत कम हो गई है, वहीं पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए बिजली बेचने के दाम 50 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ा दिए हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगातार अपने घरों की छत पर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी दी जा रही है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक किलो वाट के सोलर पैनल में रोज करीब चार यूनिट बिजली बनती है। ऐसे में एक किलोवाट में 120 यूनिट बिजली मिल जाती है। ऐसे में तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 360 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। आमतौर पर जिनकी जितनी खपत है उसके हिसाब से ही उपभोक्ता सोलर पैनल का चयन करते हैं। लेकिन पॉवर कंपनी ज्यादा बिजली को खरीद भी रही है तो ऐसे में उपभोक्ता खपत से ज्यादा बिजली की उत्पादन करने के लिए भी सोलर लगा रहे हैं।

### ज्यादा बिजली लेगी पॉवर कंपनी

*अगर किसी उपभोक्ता की बिजली की खपत हर माह दो सौ यूनिट ही है और उसने तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगाया है तो इसकी 12 से 15 सौ यूनिट की बिजली अगर साल भर में बचती है तो इसके पैसे पॉवर कंपनी देगी। लेकिन इसकी कीमत उपभोक्ता को महज अब 1.92 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से मिलेगी।*


### पॉवर कंपनी की बिजली महंगी

*पॉवर कंपनी जो बिजली उपभोक्ताओं को देती है। वह पांच रुपए यूनिट से कम नहीं पड़ती है। पहले सौ यूनिट का टैरिफ जुलाई से 4.40 रुपए हो जाएगा। इसमें जहां दस पैसे प्रति यूनिट सेस के लगते हैं। वहीं इसी के साथ इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी 11 फीसदी है। ऐसे में 4.40 रुपए पर 48 पैसे इसके लग जाते हैं। इसके अलावा प्रति किलो वाट पर 20 रुपए शुल्क है। ये सब मिलाकर बिजली की कीमत करीब पांच रुपए यूनिट से ज्यादा हो जाती है, क्योंकि एफपीपीएएस शुल्क अलग से लगता है। यह कभी पांच फीसदी तो कभी दस फीसदी से ज्यादा हो जाता है। अब यह बात अलग है कि बिजली बिल हॉफ योजना में चार सौ यूनिट तक खपत पर दो सौ यूनिट की खपत का बिल आधा हो जाता है। इसके बाद भी औसत कीमत चार सौ यूनिट की खपत पर करीब पांच रुपए यूनिट हो जाती है। सौ और दो यूनिट की खपत वालों को जरूर कम कीमत लगती है। लेकिन यह कीमत भी सोलर से खरीदी जाने वाली बिजली की कीमत से ज्यादा रहती है।*

### एप्पल का तीन लाख वाला लैपटॉप चार लाख के पार, आईपैड के दाम भी एक लाख तक बढ़े

# लैपटॉप के दाम एक लाख तक बढ़े, पार्ट्स की कीमत में छह गुना तक इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कंप्यूटर में लगने वाले पार्ट्स रैम, हार्ड डिस्क के साथ एसएसडी के दाम दो से छह गुना तक बढ़ गए हैं। ऐसा होने के कारण कंप्यूटर और लैपटॉप के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। एप्पल के लैपटॉप के दाम तो एक लाख तक बढ़ गए हैं। तीन लाख वाला लैपटॉप चार लाख का हो गया है। आईपैड के दाम भी दस हजार से एक लाख तक बढ़े हैं। अन्य कंपनियों के लैपटॉप और डेस्कटॉप के दाम भी 20 से 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। कंप्यूटरों को असेम्बल करके बेचने वाले कारोबारियों का कारोबार एक तरह से चौपट ही हो गया है, क्योंकि इसके दाम भी बहुत बढ़ गए हैं। इसी के साथ रिपेयरिंग का काम भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो गया है। कंप्यूटर पार्ट्स बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई के डाटा सेंटरों के लिए हाई बैडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) और सर्व ग्रेड चिप्स पर दे रही हैं। इसके कारण कंप्यूटर के आम चलन वाले पार्ट्स की कमी हो गई है। मेमोरी चिप के दाम भी डबल हो गए हैं।

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर में लैपटॉप और कंप्यूटर बेचने और बनाने का कारोबार करने वाले बड़ी संख्या में हैं। आमतौर पर कई कंपनियों में ब्रांडेड से ज्यादा असेम्बल कंप्यूटर की डिमांड रहती है।

### पार्ट्स के दाम आसमान पर

कंप्यूटर में लगने वाली 8 जीबी की रैम के दाम पहले हजार से 12 सौ रुपए थे, इसके दाम अब 55 सौ रुपए हो गए हैं। यानी दाम चार गुना से भी ज्यादा बढ़ गए हैं। जिस चार जीबी रैम की ज्यादा मांग नहीं रहती थी और इसके दाम महज तीन सौ रहते थे, इसके दाम छह गुना तक बढ़कर आज 18 सौ रुपए हो गए हैं। हाई डिस्क की बात करें तो 500 जीबी की जो हार्ड डिस्क पहले 11 सौ रुपए की आती थी उसके दाम 25 सौ रुपए हो गए हैं। हजार जीबी की हार्ड डिस्क के दाम तीन हजार से साढ़े छह हजार हो गए हैं। 128 जीबी एसएसडी पहले 800 रुपए में मिलती थी इसके दाम दो हजार, 256 जीबी के दाम 12 सौ से बढ़कर 35 सौ और हजार जीबी के दाम 35 सौ से बढ़कर दस हजार हो गए हैं। मेमोरी चिप की बात करें तो 64 जीपी की मेमोरी चिप के दाम 400 से बढ़कर 900 हो गए हैं।128 जीबी की चिप के दाम 700 से 15 सौ हो गए हैं।

### एप्पल के लैपटॉप और आईपैड के दाम एक लाख तक बढ़े


राजधानी के कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक एप्पल के लैपटॉप के दाम एक लाख तक बढ़े हैं। मैक बुक प्रो जो पहले 2.99 लाख का था उसके दाम 3.99.900 रुपए हो गए। आई पैड के दाम दस हजार से एक लाख तक बढ़े हैं। इसी तरह से एचपी का जो लैपटॉप पहले 31 हजार का था, उसके दाम 47 हजार और 42 हजार वाले के 57 हजार हो गए हैं। सभी कंपनियों ने अपने लैपटॉप और डेस्कटॉप के दाम 20 से 50 फीसदी तक बढ़ा दए हैं।

# वर्षाकाल में वज्रपात का अलर्ट, बचाव के साथ आपात स्थिति में चिकित्सकीय मदद लेने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्षाकाल में आकाशीय बिजली गिरने की बढ़ती घटनाओं से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट रहने पर जोर दिया है। आपात स्थिति होने पर बचाव और चिकित्सकीय मदद लेने की सलाह दी है। मौसम संबंधी जारी की जाने वाली चेतावनी को गंभीरता से लेने और संकट में फंसने के दौरान बचाव संबंधी उपाय का पालन करने पर जोर दिया है। जून की शुरुआत के साथ मौसमी तंत्रिका के सक्रिय होने के बाद बादल गरजने और वज्रपात की घटनाएं लगातार बढ़ गई हैं। वज्रपात के कारण कई इलाकों में लोगों की मौत भी हो चुकी है। जुलाई में बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी होने की आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आम लोगों को सजग रहने पर जोर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि आकाशीय बिजली एक प्राकृतिक आपदा है। थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर जनहानि एवं गंभीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मौसम खराब होने, बादल गरजने या बिजली चमकने की स्थिति में नागरिकों को खुले मैदान, खेत, पहाड़ी, जलाशय, पेड़ के नीचे तथा ऊंचे स्थानों पर रुकने से बचना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत किसी पक्के भवन अथवा बंद चारपहिया वाहन की पनाह लेनी चाहिए। इसके साथ बिजली कड़कने के दौरान नदी, तालाब अथवा अन्य जल स्त्रोतों से दूरी बनाए रखने तथा धातु के कृषि उपकरण, लोहे की रॉड, तार अथवा अन्य धातु की वस्तुओं के साथ खुले स्थान पर नहीं रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### नेशनल हाईव के पास घूमते दिखे हाथी

**महासमुंद।** बुधवार को दंतैल हाथी को एनएच53 के पास विचरण करते हुए देखा गया। इसके चलते ग्राम कोडार, कुहरी के आसपास के ग्रामीणों से सतर्क रहने कहा गया है। कहा जा रहा है कि हाथी एनएच 53 को पार कर सकता है।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** धान बुआई करवा रही एक महिला के साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थियादशमोती साव निवासी वार्ड नं 01 वीरेंद्र नगर सरायपाली ने पुलिस को बताया क ग्राम मोहगांव में खसरा नंबर 203, 263, 389 की भूमि का मालिकना हक उसकी मां का है और मुख्तियारनामा में मेरा नाम दर्ज है। जिस पर वह 26 जून को धान बुआई करवा रही थी, इसी दौरान गांव के मोंगरा साव पति वेदकुमार साव, वेदकुमार साव एवं मोंगरा की माता आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर महिला से मारपीट करने के मामले में सांकरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 30 जून को बहादुरपुर में जमीन विवाद को लेकर सुलोचना भोई के साथ लक्ष्मण भोई ने जमीन संबंधी बातों को लेकर मारपीट कर दी। महिला के बेटी मंजू भोई की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सांकरा थाने में धारा 115(2),, 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जयशंकर सिदार पिता महेशराम सिदार (28 साल) ने बताया कि 29 जून को शाम 07 बजे के आसपास वह अपने घर के पास था, उसी समय मेरे पड़ोसी कन्हैया जगत ने शराब के नशे में जबरदस्ती मुझे अपने ससुराल में रह रहा है, कहकर गाली गलौज कर रहा था। जब उसने मना किया तब आरोपी ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े पत्थर के टुकडे से फेंककर मार दिया, जिससे बायां आंख के पास चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बिना अनुमति बोर खनन कर रही बोर मशीन जब्त

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के ग्राम लभरा के समीप बिना वैधानिक अनुमति के बोर खनन किए जाने की सूचना पर तहसीलदार जुगल किशोर एवं पटवारी केशव शर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई।जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित स्थल पर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बोर खनन कार्य किया जा रहा था। नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज एवं अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए बोर खनन में संलग्न बोर मशीन को जब्त कर थाना महासमुंद की अभिरक्षा में रखा गया है। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि भूजल संरक्षण एवं शासन के निर्धारित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों एवं किसानों से अपील की है कि बोर खनन कार्य प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक अनुमति अवश्य प्राप्त करें तथा नियमों का पालन करें।

# वनरक्षकों के ऊपर वनों के प्रबंधन एवं संरक्षण का मुख्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वनरक्षकों के 80वां प्रशिक्षण सत्र (छःमाही) का बैच स्थानीय वनरक्षक प्रशिक्षण शाला में संपन्न हुआ। इस दौरान आयोजित दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि आलोक कुमार तिवारी (भावसे) मुख्य वन संरक्षक नवा रायपुर एवं अध्यक्षता मणिवासगन एस (भावसे) मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त रायपुर रहे। अतिथियों को प्रशिक्षुओं ने परेड कर सलामी दी गई। तपश्चात मुख्य अतिथि द्वारा गरूड एवं रूद्राक्ष पौधा का रोपण किया गया।

दीक्षांत सामारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। संचालक वन विद्यालय एवं वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय (भावसे), अनुदेशक वन विद्यालय निखिल पैंकरा, उपवनमंडलाधिकारी गोविंद सिंह तथा उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन एआर बंजारे द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात संचालक द्वारा प्रशिक्षण सत्र प्रतिवेदन का पाठन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि वनरक्षक के ऊपर वनों के प्रबंधन एवं संरक्षण का मुख्य दायित्व होता हैं। वनरक्षक ही कार्य स्थल पर रहकर कार्यों का सम्पादन कराया जाता है, इसलिए प्रत्येक वनरक्षक



को अपने कार्यक्षेत्र में जो भी वानिकी कार्य स्वीकृत होता है उसमें वनों को उत्पादक बनाने के लिए स्थानीय परिवेश के अनुरूप 1/2 हेक्टेयर में बेहत्तर कार्य कराने का प्रयास करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे मणिवासगन एस ने प्रशिक्षण के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वनरक्षक वन विभाग का आधार स्तंभ है। वन विद्यालय में प्राप्त प्रशिक्षण के अतिरिक्त फॉरेस्ट मेनुअल एवं अपने वनमंडल के कार्य आयोजना तथा वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देशों का सतत अध्ययन कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में वनों का प्रबंधन एवं संरक्षण इस प्रकार से करने का प्रयास करना है, कि हमारे वन हमेशा उत्पादक बना रहें। वनों के प्रबंधन में वन प्रबंधन समितियों का पूरा सहयोग लेना नियमित रूप से प्रतिमाह समिति का बैठक लेना अतिआवश्यक है।

अनुदेशक वन विद्यालय महासमुंद द्वारा 80वें प्रशिक्षण सत्र के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र एवं विभिन्न वानिकी विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को मेडल तथा खेल-कूद में विजेता प्रशिक्षुओं को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के संपूर्ण विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले हिमांशु सिन्हा को ऑल ओवर टॉपर का ट्राफी प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक अनुदेशक, वन विद्यालय के समस्त अधिकारी / कर्मचारी, उपवनमंडलाधिकरी, उपप्रबंध संचालक, वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं वनमंडल कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक पवन चंद्राकर ने किया।

## कार्रवाई : बाइक रोकने और लोहे की रॉड से हमला करने की थी तैयारी

# मेडिकल संचालक को लूटने की साजिश नाकाम, दबोचे गए तीन शातिर लूटेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने मेडिकल दुकान संचालक को निशाना बनाकर उसकी बिक्री रकम लूटने की योजना बनाई थी। प्रार्थी वेदप्रसाद प्रधान पिता रमेश प्रधान (34) साल साकिन मौलीखार थाना सिघोड़ा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि छुईपाली में अपने भाई के मेडिकल से रात 8 बजे वापस लौट रहा था, तभी मौलीखार से पहले मोड़ के पास से एक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति बोईरमाल तक पीछा करते हुए अचानक से मेरे आगे आकर मेरी गाडी को रोककर, एक लोहे का मोटा सरिया दिखाकर मारने एवं लूटपाट करने की कोशिश करने लगे। प्रार्थी ने जान बचाकर वाहन को तेजी से दौड़ाकर वहां से आगे निकला तथा अपने घरवालों को बुलाया। उन तीनों में से एक जो गाड़ी चला रहा था, खीरसागर भोई के रूप में संदेह और सूचना



प्राप्त हुई और उसके साथ जो और 02 व्यक्ति थे वहां से भाग गये थे, जिसका करूणा प्रधान ग्राम खरनियाबहाल एवं तीसरा व्यक्ति रितुराज प्रधान ग्राम मौलीखार का होने का संदेह की सूचना प्राप्त हुई थी। लिखित रिपोर्ट पर थाना सिंघोडा में धारा 126, 62, 131, 309 (5) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आसपास लोगों से पूछताछ के आधार पर संदेही व्यक्तियों के ग्राम निवास पते पर दबिश देकर संदेही व्यक्तियों करूणा प्रधान पिता अमरित लाल प्रधान उम्र 25 साल साकिन खरनियाबहाल थाना सिंघोडा जिला महासमुंद, रितुराज प्रधान पिता सदानंद प्रधान उम्र 19 साल तथा खीरसागर भोई पिता बैसाखू भोई उम्र 22 साल साकिन मौलीखार थाना सिंघोडा तीनों को संदेह के आधार पर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो अपने कथन में बताए कि एक महीने पहले रितुराज प्रधान, खीरसागर भोई के साथ मौलीखार सुखामुडा तालाब में बैठकर नरेंद्र प्रधान मेडिकल दुकान वाला जो हर रोज रात में अपने दुकान की बिक्री की रकम लेकर आता है, जिसे लूटने की हम तीनों ने योजना बनायी।

28 जून 2026 को शाम 04.30 बजे छुईपाली बाजारपारा में रितुराज प्रधान से मिलकर, छुईपाली शराब भट्ठी में दोनों ने शराब सेवन किया। रात के करीब 07-40 बजे खीरसागर भोई को फोन कर बुलाया। लगभग रात 08 बजे खीरसागर आया तीनों मिलकर वेदप्रकाश प्रधान को मोटर सायकल से ओवरटेक कर रोकने का प्रयास किए, नहीं रूकने पर अपने हाथ में पकड़े लोहे का सरिया से उस पर हमला करने का प्रयास किया तथा लूटने का प्रयास करने की बात अपने-अपने कथन में बताए, जिस आधार पर आरोपियों को 29 जून 26 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र में 46.58 लीटर महुआ शराब जब्त, चार गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने पिथौरा, सांकरा, कोमाखान और तेंदूकोना में अलग-



अलग कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 46.58 लीटर अवैध महुआ शराब तथा बिक्री की नकदी जब्त की है। आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पिथौरा पुलिस को 'संवाद' शिकायत हेल्प डेस्क के व्हाट्सएप नंबर पर सूचना मिली कि ग्राम सुखीपाली में एक व्यक्ति घर में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर मोहन चतुर्वेदी (38) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब (कीमत 3 हजार रुपये) जब्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह सांकरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बारिकपाली तालाब के पास विशाल ग्वाल (55) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 15.58 लीटर देशी महुआ शराब (कीमत 3,100 रुपये) जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कोमाखान पुलिस ने खलियापानी-कसेकेरा स्थित खेत की झोपड़ी के पास दबिश देकर हरक ठाकुर (28) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 12 लीटर अवैध महुआ शराब (कीमत 2,400 रुपये) बरामद की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। तेंदूकोना पुलिस ने फिरगी और सुहागपुर के बीच बड़े तालाब के पास लेखराम ठाकुर (35) से 4 लीटर ओड़िशा निर्मित हिरण छाप महुआ शराब (कीमत 1,200 रुपये) तथा बिक्री की 500 रुपये नकद राशि जब्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(ख) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आम जनता से अपील की कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी सूचना को महासमुंद पुलिस की 'संवाद' हेल्प डेस्क पर साझा करें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# बरबसपुर एवं बड़गांव में जन चौपाल लगाकर विधायक ने सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम बरबसपुर और बड़गांव में जन चौपाल लगाकर आमजनों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएँ, सुझाव एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषय विधायक के समक्ष रखे। विधायक ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पहुंचकर आमजन से भेंट मुलाकात कर रहे हैं। इसी तारतम्य में वें सोमवार सुबह ग्राम बरबसपुर पहुंचे और ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने ग्रामीणों से बारी बारी से चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने केंद्र एवं राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा भी की। अंत में उन्होंने नव



विवाहित जोड़े को उपहार प्रदान किया। साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया। इसके पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम बड़गांव पहुंचे और ग्रामीणों से विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की। समस्याओं के उचित निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से जुड़ी हर समस्या का हल करना उनकी जिम्मेदारी है इसलिए वें उनके बीच पहुंच रहे हैं, जिससे वें आमजन की समस्या को सुनकर उनका निराकरण कर सकें। इसके बाद उन्होंने नव विवाहित जोड़े को उपहार प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, भाजपा नेतागण पप्पू पटेल, चैनू राम साहू, मानिक सोनवानी, पोषण निर्मलकर, तुलस साहू, बरबसपुर सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी, बड़गांव सरपंच नंदिनी जवाहर ध्रुव, बेल्टुकरी सरपंच लंकेश बघेल, रूपेश बघेल, डोमार पटेल, गोपी कन्नौजे, विजय साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 32 साल बाद फिर खिला दोस्ती का रंग, 1994 बैच के रियूनियन ने लौटाई कॉलेज के दिनों की यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

32 साल बाद एकजुट हुए महासमुंद

- दिलों में वही अपनापन और दोस्ती की मिठास आज भी

कॉलेज के बीएससी के 1994 बैच के साथियों की उपस्थिति में रियूनियन समारोह मनाया गया। इस दौरान जुटे साथियों के बीच दोस्ती और यादों के आदान प्रदान का सिलसिला चल पड़ा। वर्षों बाद जब सभी साथी मिले तो 1994 के दौर जीवंत हो गया। रियूनियन में पहुंचे



सहपाठियों का स्वागत ग्रुप के सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया। फूलों की माला, तिलक और हैंड-बैंड पहनाकर अभिनंदन हुआ।

साथियों ने अपने जीवन के सफर, उपलब्धियों और परिवार के बारे में अनुभव साझा किए। पुराने दिनों की बातों ने माहौल को भावुक और खुशनुमा भी बना दिया। इसके बाद सभी साथियों ने अपने पुराने कॉलेज भवन का भ्रमण किया। वही कक्षाएं, वही गलियां और वही परिसर 32 साल पुरानी यादों को फिर से ताजा कर गए। दोपहर भोजन पश्चात गीत, कविता, डांस और विभिन्न ग्रुप खेलों ने पूरे वातावरण को आनंद और उल्लास से भर दिया। शाम को डिनर के साथ इस यादगार मिलन समारोह का समापन हुआ। सभी साथियों ने एक-दूसरे को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए ऐसे आयोजन आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।



## स्कूली बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**बसना।** स्व हरिवंश मिश्रा की प्रथम जन्म जयंती पर उनके सुपुत्र पूर्णानंद मिश्रा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पिथौरा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बामड़ाडीह के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया तथा उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय मिश्रा को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में सरपंच शशि पटेल, अजय पटेल, शौकीलाल बगर्ती, ईश्वर पटेल, भजोराम पटेल, प्रधान पाठक राजेन्द्र प्रधान, राजेश प्रधान, विष्णुचरण पटेल, अशोक राजहंस एवं संकुल समन्वयक हेमसागर बगर्ती सहित विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि स्व हरिवंश मिश्रा शासकीय प्राथमिक शाला बामड़ाडीह में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत रहे तथा सत्र 1996-97 में सेवानिवृत्त हुए थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण करते हुए शाला परिवार ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## दूसरे दिन भी 5.34 करोड़ का गांजा नष्ट किया गया

**महासमुंद।** जिला पुलिस द्वारा लगातार दूसरे दिन एनडीपीएस एक्ट के 33 प्रकरणों में जब्त 9.9530 क्विंटल अवैध गांजा नष्ट किया गया। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 5 करोड़ 34 लाख 73 हजार रुपये आंकी गई है। इससे पहले भी एक दिन पूर्व करोड़ों रुपये



मूल्य के गांजे का नष्टीकरण किया गया था। लगातार दो दिनों की कार्रवाई में पुलिस ने करीब 20 क्विंटल (19 क्विंटल 93 किलो 10 ग्राम) गांजा (अनुमानित कीमत 10 करोड़ 46 लाख 78 हजार 500 रुपये) नष्ट कर जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त संदेश दिया है।

मंगलवार को जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में बेलसोंडा स्थित बालाजी प्लांट में गांजे का नष्टीकरण किया गया। कार्रवाई से पहले जब्त मादक पदार्थ का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक महासमुंद, जिला आबकारी अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के नोडल अधिकारी तथा रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार नष्ट किए गए गांजे में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के 33 प्रकरण शामिल हैं। इनमें थाना सिंघोड़ा के 17, पटेवा के 2, कोमाखान के 2, बसना के 1, सांकरा के 3, बलौदा के 3, तुमगांव के 2 तथा बागबाहरा के 3 प्रकरण शामिल हैं। इनमें वर्ष 2025 के 7 तथा वर्ष 2026 के 26 मामले शामिल हैं।उल्लेखनीय है कि इससे पहले 29 जून को 7 प्रकरणों में जब्त 9 क्विंटल 98 किलो 70 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 5 करोड़ 12 लाख 5 हजार 500 रुपये थी, का भी नष्ट किया गया था।



## खबर संक्षेप



### स्कूल में बच्चों का गुलाल लगाकर किया स्वागत

**महासमुंद।** आर्यन पब्लिक स्कूल कोसरंगी में शिक्षकों द्वारा बच्चों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला। प्रथम दिन नर्सरी के बच्चों में ज्यादा उत्साह देखने को मिला और प्रथम दिन बच्चों ने विद्यार्थी जीवन में प्रवेश किया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य ने सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने प्रेरित किया।

### एग्रीमेंट कराकर काम करेंगे ठेकेदार

**महासमुंद।** मेशन मजदूर संघ की बैठक 1 जुलाई बुधवार को लोहिया चौक में हुई। जिसमें प्लंबर, टाइल्स मिस्त्री, राजमिस्त्री, बढ़ाई, पेंटर, बिजली मिस्त्री संघ के सदस्यों ने उपस्थित होकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। महंगाई को देखते हुए सभी ठेकेदार संघ द्वारा निर्धारित कोटेशन पेपर पर एग्रीमेंट कराकर काम करेंगे। सभी ठेकेदार संघ के निर्धारित रेट पर ही कार्य करेंगे।

संवाद : कनेकेरा और भलेसर में विधायक की जनचौपाल

# ग्रामीणों की समस्याओं व मांगों से रूबरू हुए विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को ग्राम कनेकेरा एवं भलेसर में आमजनों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण के लिए आश्वासन भी दिया।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव पहुंचकर आमजन से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों से रूबरू हो रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को वें ग्राम कनेकेरा पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बातें विधायक के समक्ष रखी। उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनकर विधायक सिन्हा ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया। अंत में उन्होंने नवविवाहित जोड़े को उपहार प्रदान किया और नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण किया। ग्राम भलेसर में जनचौपाल के दौरान उन्होनें ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के उचित निराकरण के साथ उन्होंने केंद्र एवं राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने ग्राम के जनप्रतिनिधियों से भी योजनाओं के कार्य के संबंध में चर्चा कर सुचारू संचालन के लिए निर्देशित किया। यहां भी विधायक सिन्हा ने नवविवाहित जोड़े को उपहार एवं नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।



### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप घोष, ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, ग्रामीण मंडल मंत्री प्रेम साहू, मेघराज चन्द्रसेन, चुनेश्वरी साहू महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, हुलसी चंद्राकर जनपद उपाध्यक्ष, एसटी मोर्चा महामंत्री राकेश ध्रुव, राजू साहू उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर, खेमिन देवदास सरपंच कनेकेरा, सेवाराम कुर्रे सरपंच भलेसर, प्रांशु चंद्राकर सरपंच खैरा, रामेश्वर सिन्हा बूथ अध्यक्ष, सोनाधार सोनवानी, रामेश्वर पटवा, तुलाराम कन्नौजे, गोपी कन्नौजे, विजय सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा, अमित सिन्हा, मानस सिन्हा, सुखनंदन यादव, मुकुंद सिन्हा, दिनेश देवदास, मानसी भारती, नंदनी यादव, सत्यभामा, कमलेश, सोहद्रा साहू, कौशिल्या दीवान, दशोदा बाई दीवान, शांति दीवान, गौतम यादव, यशोदा साहू, पुष्पा बाई, पूर्णिमा बाई सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नवनिर्मित मंदिर में हुई महेश्वर कपिश्वर प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा

सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल, तीन दिनों तक हुए विविध धार्मिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बुधवार को तेंदूकोना में नवनिर्मित महेश्वर कपीश्वर मंदिर में भगवान शिव व बजरंग बली की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। भगवान शिव की प्रतिरूप शिवलिंग तथा बजरंग बली की प्रतिमा का तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन के आखरी दिन बुधवार को हर्षोल्लास के साथ पूजन अनुष्ठान के बाद स्थापित की गई। त्रिदिवसीय महेश्वर कपिश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन सोमवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाद मंगलवार को बेदी पूजन, विशेष मूर्ति पूजन, शैय्याधिवास, अन्नाधिवास के साथ शाम को शिखर पूजन कर रात्रि में विविध प्रकार के धार्मिक आयोजन किया गया। समारोह के अंतिम दिन बुधवार को सुबह बेदी पूजन के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दोपहर को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, पूर्णाहुति, महाआरती के साथ प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के रामायण मंडली ने कार्यक्रम में शामिल होकर शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान समस्त ग्रामवासियों द्वारा महाभंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवताचार्य पंडित भागीरथी दुबे द्वारा समारोह के सभी पूजन अनुष्ठान तथा नवनिर्मित मंदिर में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सभी पूजन अनुष्ठान कराया। इस दौरान अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# धमतरी की प्रभारी बनीं पुष्पलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाजपा महिला मोर्चा का संगठन विस्तार, पांचों संभागों व सभी जिलों के प्रभारी और सह-प्रभारियों की घोषणा

भाजपा छत्तीसगढ़ ने महिला मोर्चा के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेशभर के पांचों संभागों के लिए प्रभारी और सह-प्रभारियों की घोषणा कर दी है। भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी की सहमति से जारी इस सूची में रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के लिए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कंडेय के हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुसार सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जारी आदेश के मुताबिक धमतरी जिला की प्रभारी पुष्पलता चौहान (सरायपाली, महासमुंद ) को बनाया गया है। उन्होंने कार्यदायित्व सौंपने पर पार्टी का आभार व्यक्त किया और अपने कार्यदायित्व को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाने की बात कही।



# समन्वयक ने किया गढ़पटनी स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी का आकस्मिक निरीक्षण समन्वयक त्रिकांत बाघ द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समग्र शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पदस्थ प्रधान पाठक सरविंद सिदार तथा दोनों सहायक शिक्षक लगन नाग एवं खीरवंती भोई अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर, कक्षाओं तथा शौचालयों का निरीक्षण किया गया। विद्यालय का संपूर्ण परिसर स्वच्छ एवं व्यवस्थित पाया गया। विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय परिवार द्वारा नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिसकी सराहना की गई। समन्वयक द्वारा शाला की समय-सारणी का भी अवलोकन किया गया। विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार समय-सारणी तैयार कर उसका पालन किया जा रहा है तथा सभी कक्षाओं में निर्धारित समयानुसार नियमित रूप से शिक्षण कार्य संचालित पाया गया। शिक्षक अपनी शिक्षक डायरी नियमानुसार संधारित कर रहे हैं तथा दैनिक शिक्षण गतिविधियों का समुचित लेखा-जोखा दर्ज किया जा रहा है। विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं वीएसके पोर्टल पर प्रतिदिन शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया भी नियमित रूप से की जा रही है। समस्त आवश्यक अभिलेख अद्यतन एवं व्यवस्थित पाए गए। मध्याह्न भोजन योजना का भी निरीक्षण किया गया। विद्यार्थियों को दाल-चावल, लौकी-आलू एवं सोयाबीन की पौष्टिक सब्जी परोसी गई। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा पोषण स्तर संतोषजनक पाया गया। भोजन बनाने की प्रक्रिया भी स्वच्छ एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित होती हुई मिली। निरीक्षण के अंत में समन्वयक त्रिकांत बाघ ने विद्यालय की स्वच्छता, अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों तथा अभिलेख संधारण की सराहना करते हुए सभी शिक्षकों को इसी प्रकार नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने भी शासन की सभी योजनाओं एवं निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प व्यक्त किया।





### तोरेसिंहा के नए प्रबंधक अमृतलाल से सौजन्य भेंट

**बसना।** जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक शाखा तोरेसिंहा के नए शाखा प्रबंधक अमृतलाल जगत (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद एवं अखिल भारतीय गोंड समाज फुलझर राज्य कर्मचारी प्रभाग) के कार्यभार संभालने पर क्षेत्र के कृषकगण राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक एवं सचिव कर्मचारी प्रभाग अखिल भारतीय गोंड समाज फुलझर राज्य व युधिष्ठिर सिदार जिला कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा जिला महासमुंद ने पुष्पगुच्छ गुलदस्ता व पीला अक्षत तिलक लगाकर सौजन्य भेंट मुलाकात किया।



### 11वीं मिनीगोल्फ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने जीता स्वर्ण पदक, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** मिनीगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन तथा मिनिगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में दावड़ा यूनिवर्सिटी नया रायपुर में 25 से 30 जून तक आयोजित 11वीं मिनीगोल्फ राष्ट्रीय चैंपियनशिप का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन आदित्य सिंह तथा आभार प्रदर्शन जयेश तिवारी ने किया। पूरे आयोजन में देशभर से आए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम में मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के आयोजन समिति के अध्यक्ष एसके साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत खुटे, उपाध्यक्ष जयेश तिवारी, सचिव सीमा यादव, कोषाध्यक्ष किंजल पोपट, जॉइंट सेक्रेटरी विशाल पोपट, सह कोषाध्यक्ष वंदना मिंज और महासचिव भूपेंद्र कुमार प्रसाद की महती भूमिका रही।

# 'भाजपा की साय सरकार स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में नाकामयाब'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**वीबी जी राम जी योजना के तहत जिले में काम अब तक शुरू नहीं हो पाया**

भाजपा की डबल इंजन सरकार का असली चेहरा एक बार फिर जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ के सामने आ गया है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बड़ी-बड़ी घोषणाओं से अखबारों के पन्ने रंगते हैं, वहीं दूसरी तरफ जमीन पर हकीकत यह है कि प्रदेश का मजदूर, किसान और युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है। 1 जुलाई से पूरे प्रदेश में वीबी-जी राम जी योजना के तहत 125 दिन रोजगार देने का वादा किया गया था, लेकिन आज जुलाई के प्रथम दिन भी योजना का कहीं अता पता नहीं है। और जिले के एक भी ग्राम पंचायत में इस योजना का श्री गणेश नहीं हो सका है। यह सीधे-सीधे भाजपा की मजदूर विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उक्त वक्तव्य जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर ने वीबी जी राम जी योजना की विफलता को लेकर व्यक्त की।



अमर अरुण ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। न तो वे मजदूर को काम दे पा रहे हैं, न युवा को नौकरी, न किसानों को न्याय। कानून-व्यवस्था चौपट है, भ्रष्टाचार चरम पर है और अब रोजगार की योजनाएं भी सिर्फ कागजी घोषणा बनकर रह गई हैं। वीबी-जी राम जी योजना का क्रियान्वयन न होना बताता है कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। उन्होंने कहा कि महासमुंद सहित प्रदेश के हर जिले में 7 दिन के भीतर वीबी-जी राम जी के तहत काम शुरू किया जाए, हर जॉब कार्डधारी को 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाए और उद्योगों में स्थानीय युवाओं की भर्ती का सख्ती से पालन कराया जाए। यदि सरकार ने मजदूरों और युवाओं के साथ यह धोखा जारी रखा तो आगामी समय में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### देव संस्कृति स्कूल में व्याख्याता नंदकुमार को दी गई विदाई

**महासमुंद।** देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ अनुभवी व्याख्याता नंदकुमार साहू को विदाई दी गई। उन्होंने विद्यालय में अपने 14 वर्षों की सेवा काल के अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि हमारे मन को तराशने और हमें सही राह पर ले जाने के लिए अथक परिश्रम किया है और इतने वर्ष बीत गए कि हमें पता नहीं चलता कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है। जब अच्छा समय बीत रहा होता है तो समय बहुत जल्दी बीत जाता है। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि नंदकुमार साहू ने अनूठे दृष्टिकोण और कौशल ने हमारी संस्था में बहुत योगदान दिया है। हम सभी को और हमारे काम करने के तरीके को बेहतर बनाया है। इस अवसर पर कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, ऋषभ साहू, अनिता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, किरण विश्वकर्मा, जय वास्तव, ललिता सिन्हा, गायत्री सेन, दीपा साहू, भूमिका चंद्राकर, पुष्पा भारती चंद्राकर, संजू पारेश्वर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, सुनीता साहू, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, गौरी साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू, ममता प्रजापति, पूजा ठाकुर मौजूद रहे।

# हाईस्कूल अछोला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन, नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाई स्कूल अछोला में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ पर 'शाला प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली, छठवीं और नौवीं में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन विद्यालय पहुंचे बच्चों को पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे बच्चों में स्कूल आने को लेकर एक नया उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपसरपंच एवं शाला विकास तथा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ रैला उपस्थित थे। साथ ही भूतपूर्व उपसरपंच योगेश यादव, सांसद प्रतिनिधि बेनीराम साहू, एसएमडीसी सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, एसएमडीसी विधायक प्रतिनिधि मिथलेश साहू, आनंद साहू और पालक सदस्य शत्रुहन यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आकर लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रमुख और प्राचार्य पीएल गहिरवारे, उच्च प्राथमिक स्तर की प्रभारी सुनीता बार्लो और प्राथमिक स्तर की प्रधान पाठक मोहनी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को विद्यालय के शैक्षणिक माहौल की जानकारी दी।



### निधन

### रामखिलावन शर्मा

**महासमुंद।** स्थानीय नयापारा वार्ड नं. 6 निवासी रामखिलावन शर्मा (पोस्टमास्टर) 62 वर्ष का निधन हो गया। वे कुलदीप शर्मा व हितेश शर्मा के पिता थे। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद थे।



# अरंड में मनाया गया संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव, बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम अरंड स्थित मिडिल स्कूल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरण्ड के सरपंच डिगंबर पटेल रहे। अध्यक्षता हाईस्कूल के प्रभारी व संकुल प्राचार्य सोनसाय पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि कार्तिक राम पटेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति हाईस्कूल अरंड रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात मिडिल स्कूल के बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए। प्रभारी संकुल प्राचार्य सोनसाय पटेल द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि संकुल स्तरीय नवप्रवेशी बच्चें जब शाला में प्रवेश लेने आते हैं तो झिझक रहता है, जिसे दूर करने एवं एक उत्सव का रूप देने केलिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया है। जिससे बच्चों में सालभर उत्साह बना रहे एवं पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न शालेय गतिविधियों में बढ़चढ़ के भाग लेते रहें। तत्पश्चात संकुल के विभिन्न शाला से आए नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिला कर स्वागत किया गया। साथ ही पुस्तक प्रदान किया गया। पंचायत सचिव लेखराम जगत ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक डोलमणि साहू ने अपने विचार रखें। सरपंच डिगम्बर पटेल ने कक्षा पहली से दसवीं तक सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। संकुल समन्वयक रोहिणी कुमार देवांगन ने कहा कि हमारे संकुल में उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं। विद्यालय भी किसी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं है। पालकों एवं बच्चों को आह्वान करते हुए कहा कि बच्चे नियमित स्कूल आए, ये बच्चे ही कल के भविष्य हैं। अच्छे पढ़लिख कर योग्य नागरिक बनेंगे। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में शाला प्रबंध समिति मिडिल स्कूल के अध्यक्ष भोगेश्वरी ध्रुव, आशा धीवर उपाध्यक्ष, बृजलाल ध्रुव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला अरंड, हुसन निर्मलकर (प्रतिनिधि), लेखराम जगत पंचायत सचिव एवं प्रधानपाठक डोलामणि साहू, विश्वनाथ मांझी, रेहाना बानो, गंगा पैकरा, सियाराम साहू (प्रभारी प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला मोहदा), अभिनंदन नाग, जयराम पटेल, नकुल साहू, अर्चना पटेल, फूलकुंवर पटेल, चंद्रकांति ठाकुर, क्षमा निषाद, थानूराम साहू (लिपिक), टीकम पटेल (विज्ञान सहायक), युवराज निर्मलकर, गेंदराम विश्वकर्मा एवं शाला के बच्चें व पालक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन समन्वयक रोहिणी कुमार देवांगन एवं मंच संचालन शिक्षक शैलेंद्र सिन्हा ने किया।



